Regarding starting of trains between Haryana and Uttar Pradesh and construction of bridges

सुश्री इकरा चौधरी (कैराना) : माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे पहली बार अपनी बात इस सदन में रखने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करती हूं । मैं सबसे पहले अपने क्षेत्र की ऐसी समस्या सदन में रखना चाहूंगी, जिसका सरोकार जन-जन से है । मेरे संसदीय क्षेत्र कैराना में रेलवे मंत्रालय से संबंधित विभिन्न समस्याएं काफी लम्बे वक्त से लंबित हैं । इनका पूरा कराया जाना आम जनता की सुविधा के लिए बहुत आवश्यक है । सबसे पहले, पानीपत-कैराना मेरठ रेल मार्ग का सर्वे कई बार कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक इस रेल मार्ग पर कार्य शुरू नहीं हुआ है । हरियाणा और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाला यह बेहद आवश्यक रेलमार्ग है । इस रेलवे लाइन के बनने से हरियाणा और उत्तर प्रदेश के सीधे जुड़ जाने से क्षेत्र को बहुत लाभ होगा ।

इसके अलावा शामली से प्रयागराज तक और शामली से वैष्णो देवी तक नई ट्रेनों के चलाने की मांग क्षेत्र के लोग लंबे समय से करते आ रहे हैं । प्रयागराज में उच्च न्यायालय का होना और वैष्णो देवी एक धार्मिक तीर्थस्थल होने के कारण दोनों स्थानों की कनेक्टिविटी अति आवश्यक है ।

अंत में दिल्ली-शामली-सहारनपुर रेलमार्ग पर स्थित जंधेड़ी फाटक व रामपुर फाटक के ऊपर रेलवे पुलों का निर्माण काफी लंबे समय से अधर में लटका हुआ है, जिससे क्षेत्र की जनता बहुत परेशान है । इन दोनों रेलवे पुलों का निर्माण जल्दी से पूरा कराया जाना भी बेहद जरूरी है ।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करूंगी कि कैराना संसदीय क्षेत्र की इन रेल मांगों का संज्ञान लेकर जल्द से जल्द निस्तारण कराने की कृपा करें । धन्यवाद ।